# हरिभूमि वनांचल भूमि

रायपुर, रविवार 6 अक्टूबर 2024



## खबर संक्षेप



### विधायक टेकाम ने जैतपुरी पंचायत और आंब भवन के किया लोकार्पण

फरसगांव। जनपद पंचायत के ग्राम पंचायत जैतपुरी में 18 लाख रुपये की लागत से बने नवीन पंचायत भवन और जैतपुरी के मोहण्डपारा में 08 लाख रुपये की लागत से बने आंगनबाड़ी भवन का केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम ने फीता काटकर लोकार्पण किया और उपस्थित ग्रामीणों को सम्बोधित करते हुए कहा नवीन पंचायत भवन बनने से पंचायत के कार्यो में तेजी आएगी जिसका लाभ पंचायत के ग्रामीणों को मिलेगा, पुराने छोटे व जर्जर पंचायत भवन से छुटकारा मिलेगा और मोहण्डपारा में आंगनबाड़ी भवन के बनने से नौनिहालों को शारीरिक और बौद्धिक विकास में फायदा मिलेगा। इस दौरान जनपद पंचायत फरसगांव के सीईओ अनुराग सिन्हा, पीओ वीरेन्द्र साहू, ग्राम सरपंच भाजपा के पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे। वही लोकार्पण कार्यक्रम पश्चात जैतपुरी के हाई स्कूल के अपार मेगा बैठक एवं पालक बैठक में शामिल होकर स्कूली बच्चो से मुलाकात किए।

### नवरात्रि व दशहरा पर्व के लिए शांति समिति की बैठक हुई

फरसगाँव। शारदीय नवरात्र व दशहरा पर्व के मद्देनजर शनिवार को फरसगाँव एसडीएम अशवन कुमार पुसाम की मौजूदगी में जनपद पंचायत के सभागार में शांति समिति की बैठक हुई। जिसमें बड़ेडोंगर , हिर्री, भुमका, फरसगाँव और दुर्गा समिति, दशहरा समिति , शीतला समिति के प्रतिनिधि शामिल हुए। इस दौरान दुर्गा पंडालों में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने, मूर्ति विसर्जन, शोभायात्रा के सम्बंध में चर्चा किया गया। सभी को शासन द्वारा जारी की गई गाइडलाइन का पालन करते हुए शांतिपूर्ण रूप से त्योहार मनाया कहा गया। इस दौरान तहदीलदार जयकुमार नाग, नायब तहसीलदार निधि नेताम, थाना प्रभारी नरेश कुमार साहू, नगर पंचायत उपाध्यक्ष गणेश जायसवाल सहित दुर्गा समिति, दशहरा समिति , शीतला समिति के लोग उपस्तिथ रहे।

### कलेक्टर दुदावत ने किया मक्का प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण

कोण्डागांव। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने शनिवार को कोकोड़ी में स्थित निर्माणाधीन मां दंतेश्वरी मक्का प्रसंस्करण प्लांट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्यो की प्रगति का जायजा लिया और सीओटू प्लांट के कार्य को तेजी से पूरा करने के निर्देश दिए। संबंधित एजेंसी से चर्चा करते हुए उन्होंने निर्माण में हो रही देरी पर चिंता जताई और कार्य को शीघ्र पूरा करने के लिए सभी निर्माण एजेंसियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने प्लांट परिसर में सड़क निर्माण कार्य को भी शीघ्र पूरा करने के निर्देश दिए। साथ ही रेन हार्वेस्टिंग प्रणाली के कार्य की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने कंडेनसेट पॉलिशिंग यूनिट का काम अगले सात दिनों में पूरा करने के निर्देश दिए और प्लांट परिसर में हरियाली के लिए बागवानी और पौधारोपण के कार्य का जायजा लिया। साथ ही पानी की पाइपलाइनों की नियमित जांच सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसियों को 15 अक्टूबर तक सभी कार्यो को पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए, ताकि प्लांट जल्द से जल्द संचालन के लिए तैयार हो सके।

# बड़ेकनेरा में स्वयंसेवी शिक्षकों को दिया गया उन्मुखीकरण प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत उल्लास नव भारत साक्षरता अभियान के त्वरित क्रियान्वयन के लिए विकासखंड के 13 संकुल केंद्रों पर 1 से 4 अक्टूबर तक एक दिवसीय संकुल स्तरीय उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य सर्वेयर, ग्राम प्रभारी और स्वयंसेवी शिक्षकों को नव भारत साक्षरता अभियान के तहत विभिन्न शिक्षण विधियों और पाठ योजनाओं से परिचित कराना था, ताकि वे इस महत्वपूर्ण अभियान को सुचारू रूप से आगे बढ़ा सकें। इस प्रशिक्षण में संकुल केंद्र बड़ेकनेरा के साथ-साथ अन्य केंद्रों जैसे बखरा, राजागांव, बड़ेबेंदरी, कमेला, बकोडागुड़ा, करंजी और कोकोड़ी के संकुल समन्वयक भी उपस्थित रहे। इनमें राजू दीवान, लिखेश्वर पाण्डेय, नरेंद्र जैन, उमेश भारती, मयाराम, रुद्रेश्वर मिश्रा, रमन ठाकुर, गौतम पांडे'' और अन्य स्वयंसेवी शिक्षकों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को नव भारत साक्षरता अभियान के लक्ष्यों को प्रभावी ढंग से पूरा करने के लिए तैयार करना था। इस अभियान के तहत बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे बच्चों और वयस्कों को प्राथमिक शिक्षा के स्तर तक साक्षर बनाया जा सके। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों ने अपने अनुभव साझा किए और नव भारत साक्षरता अभियान को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई। इस तरह से यह प्रशिक्षण सत्र सफलतापूर्वक संपन्न हुआ, जिसमें सभी ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अभियान को सफल बनाने के लिए आवश्यक कौशल और ज्ञान प्राप्त किया।

### स्वयंसेवी शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण



#### शिक्षण सामग्री और तकनीकों के बारे में दी जानकारी

*4 अक्टूबर को बड़ेकनेरा संकुल केंद्र पर आयोजित प्रशिक्षण सत्र में मास्टर ट्रेनर शिवचरण साहू और प्रियंका पटेल द्वारा 65 प्रतिभागियों को विभिन्न शिक्षण सामग्री और तकनीकों के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षुओं को उल्लास प्रवेशिका कैसे पढ़ाएं, अभ्यास कार्य, सहायक शिक्षण सामग्री का उपयोग, पाठ योजना निर्माण, बुनियादी साक्षरता और संख्या ज्ञान, और कक्षा प्रबंधन के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान विकास खंड शिक्षा अधिकारी बीईओ मनोज दुबे और विकास खंड परियोजना समन्वयक साक्षरता डी.एस. पोटाई ने भी मार्गदर्शन दिया। उन्होंने प्रशिक्षुओं को नव भारत साक्षरता अभियान के महत्व पर जोर देते हुए इसे जमीनी स्तर पर प्रभावी रूप से लागू करने के लिए प्रेरित किया।*

**कार्रवाई : पांच प्रकरण में एक ट्रक, एक पिकअप, एक कार, 2 बाइक भी जब्त**

# पांच माह में 3 क्विंटल गांजा, 39 पेटी शराब जब्त, 7 आरोपी जेल दाखिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ फरसगांव

जिले के फरसगाँव थाना पुलिस ने लगातार नशे के सौदागरों पर कार्यवाही करने में सफलता हासिल कर रही है। पुलिस अधीक्षक कोण्डागांव येदुवल्ली अक्षय कुमार के निर्देशन तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी फरसगांव अनिल विश्वकर्मा के पर्यवेक्षण में थाना फरसगांव पुलिस के द्वारा थाना क्षेत्र में लघु एवं प्रतिबंधात्मक कार्यवाही में अंकुश लगाते हुये गांजा तस्कर को पकड़ा है। फरसगाँव पुलिस 5 महीने में 5 बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने 5 प्रकरणों में 07 आरोपी , 01 ट्रक, 01 पिकअप, 01 कार , 02 बाइक , 3 किंटल से अधिक गांजा और मध्यप्रदेश की 39 पेटी अंग्रेजी शराब को जप्त किया है । जिसमे सभी गांजा तस्कर के 05 आरोपी दीगर राज्य के है और 02 शराब तस्कर दुर्ग जिले के है। 26 मई को ट्रक में 110 किवंटल गांजा के साथ यूपी के 2 आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया मुख्य आरोपी फरसगाँव निवासी सुब्रत राय फरार चल रहा है जिसकी पुलिस खोजबीन कर रही है । 01 जून को बाइक में 29 किलो गांजा के साथ ओड़िसा के एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। 25 अगस्त को ओड़िसा पासिंग की पिकअप वाहन में 121.650 किलोग्राम के साथ ओड़िसा के 1 गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया वही कल 2 अक्टूबर को अपाचे बाइक में 39.370 किलोग्राम गांजा के साथ ओड़िसा के एक गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है । 2 अक्टूबर को अपाचे बाइक में गांजा की तस्करी करते ओड़िसा के एक गांजा तस्कर को 39.370 किलोग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है ।



#### आबकारी विभाग की लगातार कार्रवाई

एसडीओपी अनिलकुमार विश्वकर्मा ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर फरसगाँव थाना पुलिस ने लगातार कार्यवाही कर रही है । जिसमे 5 माह में नशे के सौदागरों पर 5 बड़ी कार्यवाही की है। जिसमे 5 गांजा तस्कर और 2 शराब तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है । जिसमे 24 मई को कार में 39 पेटी एमपी के अवैध अंग्रेजी शराब का परिवहन कर रहे दुर्ग जिले के दो शराब तस्कर को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया।

# नशा मुक्ति का गांव-गांव में प्रचार के लिए रथ को विधायक लता उसेंडी ने किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

02 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक चलने वाली मद्य निषेध सप्ताह के तहत नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति रथ को आज जिले के विकास नगर स्थित नगर पालिका ऑडिटोरियम से कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।



#### 100 भारत माता वाहिनी योजना समूह गठित

यह रथ जिले के सभी जनपद पंचायतों और ग्राम पंचायतों तक पहुँचकर नशे के दुष्प्रभावों के बारे में लोगों को जागरूकता करेगा। यह अभियान समाज कल्याण मंत्रलय, भारत सरकार द्वारा संचालित नशा मुक्त भारत अभियान का हिस्सा है। जिसके अंतर्गत जिले में नशामुक्ति केंद्रों का संचालन किया जा रहा है। इन केंद्रों में निःशुल्क भोजन, आवास, और चिकित्सा सुविधाएँ प्रदान की जाती हैं। नशे की रोकथाम के लिए जिले में अब तक 100 भारत माता वाहिनी योजना समूहों का गठन किया गया है और 50 वालंटियर्स का चयन किया गया है, जो नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय रूप से सहयोग कर रहे हैं। नशा मुक्ति रथ गाँव-गाँव जाकर नशे के दुष्प्रभाव और उसके रोकथाम के उपायों के बारे में जानकारी देगा। जिससे लोगों को इस समस्या से उबरने में सहायता मिल सकेगी। इस अवसर पर सुश्री लता उसेण्डी ने अपने संबोधन में नशा मुक्त समाज के निर्माण पर जोर दिया और लोगों से इस अभियान में सक्रिय रूप से भाग लेने की अपील की। साथ ही कलेक्टर कुणाल दुदावत ने नशामुक्ति केंद्र की सेवाओं और नशे के दुष्प्रभाव की जानकारी देते हुए नशे से दूर रहने की अपील की। इस अवसर पर दीपेश अरोरा, नगर पालिका उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अविनाश भोई, उप संचालक समाज कल्याण विभाग श्रीमती ललिता लकड़ा, जिला स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं युवोदय की टीम उपस्थित रहे।

# जोन विज्ञान प्रदर्शनी में कोण्डागांव के दो विद्यार्थियों का माडल प्रथम



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जगदलपुर में आयोजित जोन स्तरीय बाल वैज्ञानिक प्रदर्शनी 2024 में कोंडागांव जिले के छात्रों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले का मान बढ़ाया है। इस प्रतियोगिता में कोंडागांव के उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उड़ीदगांव, विकासखंड माकड़ी के छात्र संतलाल नेताम और हरिश मरकाम ने अपने मैथमेटिकल मॉडल के साथ प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस उपलब्धि के बाद दोनों छात्रें का चयन राज्य स्तरीय बाल विज्ञान प्रदर्शनी 2024 के लिए हुआ है, जो 15 से 18 अक्टूबर के बीच अंबिकापुर में आयोजित होगी। इस सफलता के लिए छात्रें को विद्यालय की विज्ञान शिक्षिका श्रीमती दुर्गेश्वरी साहू का विशेष मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। जिला शिक्षा अधिकारी आदित्य चांडक ने इस अवसर पर प्राचार्य फूलनदेवी नेताम और दोनों छात्रें को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। उन्होंने इस सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए गांधीजी के शब्दों को दोहराया, भारत की सच्ची प्रतिभा सुदूर गांवों में बसती है। जिस दिन गांव का हर बच्चा शिक्षित होगा। उस दिन भारत पूर्ण विकसित राष्ट्र बन जाएगा। इस कार्यक्रम के जिला प्रभारी, पीएम सेजेस महात्मा गांधी वार्ड कोंडागांव के व्याख्याता अखिलेश गायधने ने विज्ञान शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि वर्तमान समय में भारत के युवा विश्व में सबसे बड़ी प्रतिभा के रूप में उभर रहे हैं। उन्होंने कहा, विज्ञान शिक्षा का प्रसार युवाओं की क्षमता को निखारने के लिए आवश्यक है।

# उत्तम काम करने वाले डाक कर्मचारी एवं एजेंट पुरस्कृत



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

प्रधान डाकघर कांकेर अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2023-24 में आरपीएलआई व बचत खाता सहित विभिन्न क्षेत्रें में उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारी एवं डायरेक्ट एजेंट को पर्यटन स्थल फूलो की घाटी स्थित टाटामारी में निदेशक डाक सेवाएं दिनेश मिस्त्री एवं अधीक्षक आरपी वर्मा द्वारा पुरस्कार व प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। सर्वप्रथम अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

सम्मान समारोह के मौके पर लगभग 200 ग्रामीण डाक सेवको का सम्मान किया गया इसके उपरांत पिकनिक भोज का कार्यक्रम भी किया गया। ज्ञात हो भारतीय डाक लंबे समय से विभिन्न योजनाओं को लेकर गांव गांव में जनकल्याणकारी योजनाओं को प्रसारित करने में अपनी अहम भूमिका निभा रहा है। जिसमें शाखा डाकपाल ग्रामीण अंचल में ग्रामीण डाक जीवन बीमा सहित अनेक योजनाओं को घर-घर जाकर योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं। इस अवसर पर आदरणीय डीपीएस महोदय मिस्त्री ने समस्त कर्मचारियों को बधाई व शुभकामनाएं दी इसी के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 में भी अच्छे कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

#### ये रहे उपस्थिति

इस मौके पर प्रधान डाकघर कांकेर के अंतर्गत समस्त डाकघर के कर्मचारी सहित टाटामारी प्रभारी कमल अहमद, वीरेंद्र बघेल जनपद सदस्य केशकल, श्री मटिया शाखा प्रबंधक इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक शाखा कांकेर, विजय जांगड़े उप संभागीय निरीक्षक कांकेर, तुरकर सर कांकेर 2, सीताराम धुरव केशकाल, आरएस मिश्रा कोंडागांव, नवलचंद ओगर, सनी वरगिस, सुरेंद्र कुमार सहायक डाक अधीक्षक सुमन एक्का सहित विभागीय कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

# आंकाक्षी जिला कार्यक्रम के संपूर्णता अभियान समापन में विधायक लता व टेकाम हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला कार्यक्रम एवं आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम के अंतर्गत 4 जुलाई से शुरू हुए संपूर्णता अभियान का समापन हुआ। समापन समारोह का आयोजन बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेण्डी के मुख्य आतिथ्य एवं केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम की अध्यक्षता में हुआ।

■ अभियान के लक्ष्य को हासिल करने उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान

इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं, स्वास्थ्यकर्मियों सहित बिहान, कृषि एवं शिक्षा विभाग के स्टाफ को सम्मानित किया गया। सुश्री उसेण्डी ने संपूर्णता अभियान के सभी इंडिकेटर को प्राप्त करने वालों को बधाई दी और मानव संसाधन के महत्व पर बल दिया। उन्होंने वोकल फॉर लोकल को बढ़ावा देने और आत्मनिर्भर भारत के लिए और अधिक कार्य करने की आवश्यकता पर जोर दिया। विधायक नीलकंठ टेकाम ने कर्मचारियों को बधाई देते हुए कहा कि यह अभियान का समापन नहीं बल्कि शुरुआत है। उन्होंने बस्तर क्षेत्र की प्रगति पर प्रकाश डाला। नीति आयोग के केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी संयुक्त सचिव दीपक मिश्रा ने आकांक्षी ब्लॉक कार्यक्रम की सराहना की और जिले को विकसित बनाने का आह्वान किया। कलेक्टर कुणाल दुदावत ने आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत गतिविधियों की जानकारी दी और जिले को मिले पुरस्कारों का उल्लेख किया। समापन समारोह में महिला एवं बाल विकास विभाग के गर्भवती महिलाओं को पूरक पोषण उपलब्ध कराने के लिए आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया। कृषि विभाग के मृदा स्वास्थ्य कार्ड, बैंक लिंकेज और आजीविका में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मया मंडई 2.0 जागरूकता अभियान की शुरुआत की गई। स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने के लिए आकांक्षा ब्रांड का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# पालक-शिक्षक मेगा सम्मेलन में स्वच्छता के लिए किया प्रोत्साहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग की महत्वकांक्षी योजना पालक शिक्षक मेगा बैठक का आयोजन हायर सेकेंडरी स्कूल जैतपुरी में चार अक्टूबर को किया गया। पंचायत भवन के उद्घाटन लोकार्पण के पश्चात केशकाल विधायक नीलकंठ टेकाम हायर सेकेंडरी स्कूल में आयोजित मेगा पालक शिक्षक बैठक सम्मेलन में शामिल हुए मुख्य द्वार पर स्कूली बच्चों ने तिलक चंदन ,पुष्प वर्षा से, प्राचार्य राजकुमार रामटेके, वरिष्ठ शिक्षिका किरण जोत बदेशा ने पुष्प गुच्छ भेंट कर आत्मीय स्वागत किया अपने सम्बोधन में विधायक नीलकंठ टेकाम ने पालक शिक्षक बैठक के महत्व पर प्रकाश डाला। प्राइवेट स्कूल के पालकों द्वारा अपने बच्चों की शिक्षा के प्रति जागरूकता का उदाहरण देते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रें में आप सभी अपने बच्चों के प्रति जागरूक हो एवं विद्यालय में बुलाए जाने पर पालक शिक्षक बैठक में अवश्य शामिल हो ,प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर से प्रारंभ हुए स्वच्छता ही सेवा अभियान को लगातार जारी रखते हुए हर सप्ताह दो घण्टे श्रमदान करने बच्चों को प्रेरित किया। कार्यक्रम में मुख्य रुप से प्रवीर बदेशा, तरुण साना, शाम नेताम, सरपंच फूलमती नेताम जनपद सदस्य बसमन नेताम ,घनश्याम शार्दूल, झाड़ी राम सलाम, जितेंद्र सुराना, हरी दिवान, विक्रम शर्मा, गीता दीवान, कमल दास, सुकबती भगवती सहित पंच गण, मेगा पेटीएम में शामिल पालक, स्कूली बच्चे सभी शिक्षक गण सहित बड़ी संख्य में ग्राम जैतपुरी के निवासी शामिल हुए कार्यक्रम का सफल संचालन सैयद तौसीफ आलम ने किया।

■ सप्ताह में दो घंटे स्वच्छता के लिए विद्यार्थी अवश्य समय दें: विधायक टेकाम









## नवरात्रि विशेष



### चतुर्थ : कूष्माण्डा

मां दुर्गा अपने चतुर्थ स्वरूप में कूष्माण्डा के नाम से जानी जाती हैं। नवरात्र के चौथे दिन आयु, यश, बल व ऐश्वर्य को प्रदान करने वाली भगवती कूष्माण्डा की उपासना-आराधना का विधान है। अपनी मंद हंसी द्वारा अण्ड अर्थात ब्रह्माण्ड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के नाम से अभिहित किया गया है। जब सृष्टि का अस्तित्व नहीं था, चारों ओर अंधकार ही अंधकार परिव्याप्त था तब इन्हीं देवी ने अपने ईषत हास्य से ब्रह्माण्ड की रचना की थी। अतः यही सृष्टि की आदि स्वरूपा आदि शक्ति मानी जाती हैं. इनके पूर्व ब्रह्माण्ड का अस्तित्व था ही नहीं. इनकी आठ भुजाएं हैं. अतः ये अष्टभुजा देवी के नाम से विख्यात हैं। इनके सात हाथों में क्रमशः कमण्डल, धनुष बाण, कमल, पुष्प, अमृतपूर्ण कलश, चक्र तथा गदा हैं. आठवें हाथ में सभी सिद्धियों और निधियों को देने वाली जपमाला है. इनका वाहन सिंह है। अपनी मंद, हल्की हंसी द्वारा ब्रह्मांड को उत्पन्न करने के कारण इन्हें कूष्माण्डा देवी के रूप में पूजा जाता है. संस्कृत भाषा में कूष्माण्डा को कुम्हड़ कहते हैं. बलियों में कुम्हड़े की बलि इन्हें सर्वाधिक प्रिय है. इस कारण से भी मां कूष्माण्डा कहलाती हैं. सर्वप्रथम मां कूष्मांडा की मूर्ति अथवा तस्वीर को चौकी पर दुर्गा यंत्र के साथ स्थापित करें इस यंत्र के नीचे चौकी पर पीला वस्त्र बिछाएं. अपने मनोरथ के लिए मनोकामना गुटिका यंत्र के साथ रखें. दीप प्रज्ज्वलित करें तथा हाथ में पीले पुष्प लेकर मां कूष्मांडा का ध्यान करें.

वन्दे वांछित कामर्थे चन्द्रार्घकृत शेखराम्।

सिंहरूढा अष्टभुजा कुष्माण्डा यशस्वनीम्॥

# जोन स्तरीय बाल विज्ञान मेला में बकावंड अव्वल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

## जगतु माहरा उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में स्पर्धा हुई



संभाग स्तरीय बाल विज्ञान मेला जगतु माहरा शासकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को आयोजित किया गया। जिसमें बकावंड ब्लाक के प्रतिभाशाली प्रतिभागियों ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। जोन स्तरीय बाल विज्ञान मेला का आयोजन एससीईआरटी, जिला प्रशासन एवं शिक्षा विभाग के द्वारा किया गया। जिसमे संभाग स्तर पूर्व माध्यमिक शाला बीजागुड़ा के छात्र गुड्डू बघेल के मेथेमेटिकल मॉडल को जोन स्तर पर प्रथम पुरस्कार मिला। केजीबीवी की छात्रा कु. दीपा नाग ने अपशिष्ट प्रबंधन पर द्वितीय व शाउमवि ढोढरेपाल की छात्रा कु. सीमा भारती के नेचुरल फामिंर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया। चयनित प्रतिभागी 15 अक्टूबर को राज्य स्तरीय बाल विज्ञान मेला में भाग लेंगे। आयोजन में निशा साहू, सुनीता नाग, शकुंतला कुजूर, हेमलता धुरव व चंद्रशेखर नायडू का मार्गदर्शन रहा। बच्चों के इस उपलब्धि पर डीईओ बीआर बघेल, बीईओ श्रीनिवास मिश्रा, बीआरसी सोनसिंह बघेल ने सराहना की है।



## भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण सिंहदेव ने सर्वबंगीय समाज को किया आश्वस्त

# श्री दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के लिए घाट की समस्या का होगा निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- गणेश व दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए दलपत सागर में ग्रीन ट्रिब्यूनल की रोक

ग्रीन ट्रिब्यूनल के कड़ाई के बाद अब शहर में प्रतिमा विसर्जन की समस्या बनी है। ट्रिब्यूनल के आदेश के बाद से दलपत सागर में प्रतिमा विसर्जन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। खड़कघाट स्थित पुराने पुल को नए पुल में बदलने निर्माण कार्य चल रहा है, जिसके चलते बड़ी वाहन के आने-जाने में परेशानियां हो रही है। हाल ही में सपन्न गणेश पूजा में प्रतिमा के विसर्जन को लेकर अनेक गणेशोत्सव समितियों को परेशानियों का सामना करना पड़ा था। अब शहर में दुर्गोत्सव प्रारम्भ हो चुका है। अनेक स्थानों में दुर्गा समितियों के द्वारा दुर्गा स्थापना किया गया है। सर्व बंगीय समाज के मैत्री संघ, कुम्हारपारा,ओरना केम्प आड़ावाल, धरमपुरा दुर्गा समिति द्वारा विशाल दुर्गा प्रतिमा स्थापना सप्तमी तिथि से की जाएगी। ऐसे में सर्व बंगीय समाज दुर्गा समितियों के कर्मकर्ताओ के समक्ष दुर्गा प्रतिमा विसर्जन को लेकर गम्भीर समस्या थी। समस्या के समाधान के लिए सर्व बंगीय समाज का प्रतिनिधि मंडल भाजपा प्रदेशाध्यक्ष व विधायक किरण सिंग देव व कलेक्टर हरीश एस से मुलाकात कर इसके निराकरण की दिशा में उचित उपाय कराने सहयोग मांगा। विधायक ने आश्वस्त कराते उचित कार्रवाई का भरोसा देते कलेक्टर को निर्देशित किया। कलेक्टर ने राजस्व विभाग के मैदानी दल को इंद्रावती नदी में ऐसे घाट तलाशने के निर्देश दिए जिससे बड़ी प्रतिमाओं के विसर्जन में आसानी हो। इधर सर्व बंगीय समाज दुर्गोत्सव समिति भी घाट तलाश में जुटा रहा। अंत में समिति के लोगों ने नए पुलिया के नीचे स्थल चयन कर इसकी जानकारी प्रशासन को दी। सर्व बंगीय समाज के प्रतिनिधि मंडल में सुब्रतो विश्वास, मनोरंजन राय, श्याम घोष, सूचित दत्ता, आशीष चौधरी, मानिक बैदग्य, दिशांत चक्रवर्ती ने नए पुलिया आमागुड़ा का स्थल तय कर तहसीलदार से इस स्थल को विसर्जन के लिए सहमत हुए।

### घाट को व्यवस्थित किया जाए

सर्व बंगीय समाज के प्रतिनिधियों ने नए पुलिया के नीचे दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिए घाट का चयन किया है, वहां नीचे उतरने-चढ़ने के लिए मार्ग नही है। पगडंडी नुमा रास्ते पर विशाल दुर्गा प्रतिमा को लगभग 80 फीट नीचे उतारने में समस्या आने की आशंका है। आड़ावाल ओरना केम्प दुर्गोत्सव समिति के सुब्रतो विश्वास ने तहसीलदार से कहा कि नए पुलिया घाट सड़क को व्यवस्थित किया जाए। समिति को एक जेसीबी उपलब्ध कराया जाए, ताकि समिति के देखरेख में सड़क व घाट की साफ-सफाई की जा सके।

### सर्व सुविधायुक्त घाट बनेगा

भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण सिंहदेव ने कहा कि हर वर्ष प्रतिमा विसर्जन को लेकर आ रही समस्या और सुविधायुक्त घाट नही होने से विसर्जन के लिए आ रही समस्या को आगामी वर्ष दूर किया जाएगा। आने वाले समय में इंद्रावती नदी तट पर प्रतिमा विसर्जन के लिए सर्व सुविधायुक्त घाट तैयार किया जाएगा।

# बीएड प्रशिक्षित शिक्षकों ने सीएम से लगाई सेवा सुरक्षित करने की गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- उच्च न्यायालय ने बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को अमान्य कर दिया है

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय को बीजापुर जिले में पदस्थ सहायक शिक्षकों ने मांगपत्र सौंप समस्याओं से अवगत कराते हुए सेवा सुरक्षित करने की गुहार की। बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक संघर्ष मोर्चा के अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि शिक्षक भर्ती नियम 2019 के राजपत्र में पारित नियमों के आधार पर एवं इस नियम के सभी मानकों पर खरा उतरते हुए डीएड अभ्यर्थियों के साथ लगभग 2900 बीएड अभ्यर्थियों को प्राविण्य सूची में स्थान पाने के बाद सहायक शिक्षक के रूप में बस्तर एवं सरगुजा संभाग के सुदूर अंचलों में पदस्थ किया गया जो लगभग 1 वर्ष से अपनी सेवा दे रहे हैं। उच्च न्यायालय ने बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों को 2 अप्रैल 2024 को अमान्य कर दिया है। जिससे बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षक और उनके परिवारों के आजीविका के साथ ही इससे शिक्षित होने वाले विद्यार्थियों पर भी प्रभाव पड़ रहा है। बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों ने मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षण कराते हुए न्यायालय की अवमानना किए बगैर बीएड प्रशिक्षित सहायक शिक्षकों की आजीविका के साथ इससे प्रभावित परिवार के लगभग 30000 लोगों के ऊपर मंडरा रहे आर्थिक संकट को दूर कर सेवा को सुरक्षित रखने के लिए त्वरित कार्रवाई करने का निवेदन किया।

## खबर संक्षेप

### डाक्टर्स, स्टूडेंट्स व अस्पताल के स्टाफ ने किया रक्तदान



जगदलपुर। राष्ट्रीय रक्तदान दिवस पर मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के डॉक्टर व स्टूडेंट्स के द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन मेकॉज के ब्लड बैंक में किया गया। जिसमें स्टूडेंट्स, डाक्टर्स व ब्लड बैंक स्टॉफ ने 84 यूनिट रक्तदान किये। लोगों से रक्तदान महादान करने अपील की गई। खून की कमी ,गर्भवती महिला की डिलवरी, एक्सीडेंट, सिकलसेल, थेलेशिमिया, कैंसर डायलेसिस जैसे लोगों को होती है। रोजाना बस्तर संभाग के दूर अंचल से कई ग्रामीण रैफर होकर मेकॉज में अपना इलाज करवाने आते हैं। ऐसे कई मरीज हैं जिन्हें खून की कमी हो जाती है, ऐसे में मरीजों को कई बार ब्लड बैंक में स्टॉक नहीं होने व कमी के कारण समय पर ब्लड नहीं मिल पाता है। कई परिजन अपने ही मरीज को ब्लड नहीं दे पाते हैं। लोगों को रक्तदान के प्रति जागरूक होना चाहिए। जिससे मरीजों की जान बचाई जा सके। इस दौरान मेडिकल कॉलेज डिमरापाल के डॉक्टर, बैच स्टूडेंट्स व स्टॉफ समेत रक्तदाता मौजूद थे।

# भाजयुमो ने सदस्यता अभियान की तैयारी पर बनाई रणनीति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



- विधायक ने युवाओं को संगठन से जोड़ने और राजनीतिक गतिविधियों में भाग लेने प्रेरित किया

चित्रकोट विधानसभा के ग्राम पंचायत धर्माऊर में युवा मोर्चा का सदस्यता अभियान आयोजित किया गया। चित्रकोट विधायक विनायक गोयल ने युवाओं को संगठन से जोड़ना और उन्हें राजनीतिक गतिविधियों में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम में युवाओं ने हिस्सा लिया और विचार साझा किए। सदस्यों ने संगठन की महत्वता, युवा नेतृत्व और समाज में बदलाव लाने के लिए चर्चा की। सदस्यता अभियान को सफल बनाने के लिए विशेष रूप से स्थानीय युवाओं को शामिल किया गया और उन्हें संगठन के विभिन्न कार्यक्रमों और गतिविधियों के बारे में बताया गया। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने युवाओं को प्रेरित करते समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए आगे आने कहा। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष रूपसिंह मण्डावी, बाबुल कुमार नाग, बलदेव मण्डावी, सोमारू कश्यप, नरसिंह ठाकुर, नारायण ठाकुर, फुलसिंह सेठिया, परदेशी कश्यप, संतोष ठाकुर, देवीप्रसाद बेंजाम, सुदन ठाकुर, कमल ठाकुर, लच्छिन यादव, बसंत कश्यप, मनोज पटेल, भरत कश्यप, जीवनाथ मौर्य, विमल पाण्डे, सावेन्द्र सेठिया, दुर्जन कश्यप, अभिलाष यादव, सुभाष कश्यप, दशरथ कश्यप, रितेश जोशी, अमर झा, जलन कश्यप, तनीश तिवारी, शिवनंदन पेगढ़, शिव सूर्यवंशी सहित कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## स्कूली बच्चों ने किया गरबा नृत्य



जगदलपुर। शहर के दलपत सागर वार्ड स्थित संस्कार द स्मार्ट स्कूल व एनएमडीसी संस्कार द स्मार्ट स्कूल धनपूंजी द्वारा नवरात्रि के उपलक्ष्य में शनिवार को गरबा का आयोजन गुप्ता फार्म हाउस में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्कूल के एक्सीक्यूटिव डायरेक्टर नवीन भावसार, डायरेक्टर सुमन भावसार ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। गरबा में नर्सरी से कक्षा आठवीं तक के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। इस अवसर पर प्राचार्या ऐनी पॉल, व्यवस्थापक एलेक्स मैक्यू, शिक्षक- शिक्षिकाएं तथा स्कूली बच्चे मौजूद थे।

## कलेक्टर ने किया महारानी अस्पताल का निरीक्षण

जगदलपुर। कलेक्टर हरिस एस. ने शनिवार को जिला महारानी अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में दी जा रही स्वास्थ्य सुविधाओं का जायजा लिया। साथ ही व्यवस्थाओं को और बेहतर करने के संबंध में अस्पताल प्रबंधन के प्रभारी डॉ. संजय प्रसाद से चर्चा की। इस अवसर पर अस्पताल प्रबंधन के अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे।



# सांसद और विधायक ने 59 लाख की लागत से बने देव सराय स्थल का किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



दशहरा में बस्तर संभाग के अलग-अलग जगहों से आने वाले देवी-देवताओं के सराय स्थलों का विकास किया गया है। शनिवार को सांसद एवं बस्तर दशहरा समिति के अध्यक्ष महेश कश्यप और स्थानीय विधायक किरण देव ने शीतला माता मंदिर तथा लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में देव सराय स्थल का लोकार्पण किया। दोनों सराय स्थलों को 58 लाख 64 हजार की लागत से निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में अतिथियों ने मां दंतेश्वरी की छायाचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित, माल्यार्पण कर सराय स्थल का फीता काट कर लोकार्पण किया। सांसद कश्यप ने कहा कि बस्तर दशहरा एक सामाजिक समरसता का अच्छा उदाहरण है। सदियों से चली आ रही परंपरानुसार दशहरा को देखने के लिए देश-दुनिया के लोग आते है। दशहरा की व्यवस्था में सभी की सहभागिता जरूरी है। देवी-देवता के सराय हेतु आगे और व्यवस्था की जरूरत होगी, देवी-देवता के सम्मान के साथ ही मांझी चालकी, नाइक, पाईक का भी सम्मान करने के साथ ही बस्तर दशहरा का महत्व और बढ़ेगा। शासन-प्रशासन के साथ सभी समाज का योगदान आवश्यक है। विधायक किरण देव ने कहा कि लगातार बस्तर दशहरा का आकर्षण बढ़ता जा रहा है। 700 वर्षों से हमारे पूर्वजों ने बस्तर दशहरा की परंपरा को सहेजा है, उसे और बेहतर कर व्यवस्थाओं को बढ़ाने का प्रयास जारी है। आज देव सराय स्थल की व्यवस्था हेतु लोकार्पण किया जा रहा है। इस हेतु शासन-प्रशासन का आभार के साथ दशहरा में शामिल होने वाले देवी-देवता के लिए सराय की बेहतर सुविधा सुनिश्चित की जा रही है। इस अवसर पर महापौर सफिरा साहू, उपाध्यक्ष बस्तर दशहरा समिति लक्ष्मण मांझी, पार्षदगण, कलेक्टर हरिस एस., अपर कलेक्टर सीपी बघेल, आयुक्त नगर निगम हरेश मंडावी, एसडीएम भरत कौशिक, तहसीलदार एवं सचिव बस्तर दशहरा समिति रूपेश मरकाम सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## पाठक सूचना

हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

जगदलपुर
मो. 7000061711, 8817958580, 9131893124

नारायणपुर
मो. 9407740955, 9131893124

कोण्डागांव
मो. 7000312486, 9131893124

सुकमा
मो. 9425260296, 9131893124

दंतेवाड़ा
मो. 9425592636, 9131893124

बीजापुर
मो. 9131893124

# जजों ने वृद्धाश्रम का निरीक्षण कर विधिक शिविर आयोजित किया

कोण्डागांव। कोण्डागांव स्थित सर्मपण वृद्धाश्रम का निरीक्षण जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोण्डागांव के सचिव और व्यवहार न्यायाधीश सुश्री गायत्री साय द्वारा किया गया। यह निरीक्षण प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश उत्तरा कुमार कश्यप' के मार्गदर्शन में हुआ। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम की साफ-सफाई और व्यवस्था का विशेष ध्यान रखा गया, जिसे सचिव ने संतोषजनक पाया। निरीक्षण के दौरान सुश्री गायत्री साय ने वृद्धाश्रम के कक्षों में जाकर वहां निवास कर रहे बुजुर्गों से मुलाकात की और उनके स्वास्थ्य की स्थिति का जायजा लिया। उन्होंने आश्रम के कर्मचारियों को यह निर्देश दिया कि यदि कोई बुजुर्ग बीमार हो, तो उन्हें तुरंत जिला अस्पताल में उपचार के लिए भेजा जाए। इस अवसर पर वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष 'विधिक जागरूकता शिविर' का भी आयोजन किया गया। शिविर के दौरान सुश्री साय ने बुजुर्गो को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा संचालित वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवा योजना 2016 के बारे में विस्तार से बताया। इस योजना के तहत वरिष्ठ नागरिकों को कानूनी सहायता प्राप्त करने के अधिकार और सुविधाओं की जानकारी दी गई। साथ ही, अन्य कानूनी अधिकारों के बारे में भी बुजुर्गो को जागरूक किया गया। वृद्धाश्रम के निवासियों ने इस विधिक जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की और अपने कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक होने पर खुशी जताई।




## आवापल्ली में टावर गिरने से भृत्य की मौत

बीजापुर। उसूर ब्लाक के मुख्यालय आवापल्ली में टावर गिरने से एक भृत्य की मौत हो गई है। मृतक विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ था। जानकारी के मुताबिक आवापल्ली में शाम को अचानक मौसम बदला और गरज के साथ हवा चलने लगीं। इसी दौरान आईसीडीएस व कृषि कार्यालय के पास लगे पुराने टावर के गिरने से उसकी चपेट में आये गटपल्ली सत्यम उम्र 45 निवासी माड़वीपारा आवापल्ली के सिर में गहरी चोट लगने से उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरो ने उसे मृत घोषित कर दिया। बताया गया है कि मृतक भृत्य विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय में पदस्थ रहा। मृतक का शव अस्पताल के मर्चुरी में रखा गया है। सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी ने बताया कि देर शाम होने की वजह से शव का पोस्टमार्टम सुबह किया जाएगा।

## वर्ल्ड वाकिंग डे आज मनाएंगे

जगदलपुर। इंटरनेशनल हेल्थ एंड फिटनेश एसोसिएशन के तत्वावधान में कल सुबह 7 बजे वर्ल्ड वाकिंग डे का आयोजन किया गया है। इंदिरा स्टेडियम में होने वाले वाकिंग प्रतियोगिता का शुभारंभ पद्मश्री धर्मपाल सैनी तथा पूर्व विधायक रेखचंद जैन की उपस्थिति में होगा।


एस.एम.सी. सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल

हृदय-रोग सम्बंधित परामर्श लें

10 अक्टूबर 2024 (गुरूवार) को जगदलपुर में



छ.ग. के वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ

डॉ. सतीश सूर्यवंशी

DM (Cardiology)

स्थानः- एम.पी.एम. हॉस्पिटल, जगदलपुर (छ.ग.)

दिनांकः- 10 अक्टूबर 2024 (गुरूवार) समयः दोपहर 1 बजे से शाम 4 बजे तक

एंजियोग्राफी एवं एंजियोप्लास्टी की सुविधा

समस्त हृदय रोगो के इलाज की सुविधा उपलब्ध

ESIC, CSEB, RAILWAY से मान्यता प्राप्त

पूर्व रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें:-

9993309922/8120991117/ 8109229030




Infront of BSNL office, Vidhan Sabha Road, Near Ashok Ratan, Shankar Nagar, Raipur (C.G.)

9238175001 / 9238175002

www.smchospital.in

#Rajesh

## खबर संक्षेप

### नपा कर्मियों ने पार्क में किया श्रमदान



**दंतेवाड़ा।** कार्यालय नगरपालिका द्वारा दी गई जानकारी अनुसार स्वच्छ भारत मिशन अंतर्गत कलेक्टर के निर्देश अनुरूप एवं स्वच्छता ही सेवा के तहत 100 घंटे श्रमदान करने का शपथ लिया गया था। इस परिप्रेक्ष्य में मुख्य नगरपालिका अधिकारी पवन कुमार मेरिया की उपस्थिति में 5 अक्टूबर को कार्यालय नगर पालिका परिषद दंतेवाड़ा के समस्त अधिकारी-कर्मचारी एवं समस्त स्वच्छता दीदियों के द्वारा जीएडी पार्क में श्रमदान कर साफ-सफाई की गयी।

### बस्तर के खिलाड़ी और कोच करेंगे प्रदेश टीम का प्रतिनिधित्व



**बीजापुर।** ऑल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा 29वीं सीनियर वुमेन्स नेशनल फुटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन राजस्थान में 6 से 10 अक्टूबर तक किया जा रहा है। इस प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ राज्य की टीम भी भाग ले रही है। जहां छत्तीसगढ़ टीम का पहला मैच 6 अक्टूबर को राजस्थान से, 8 अक्टूबर को उत्तराखंड से एवं 10 अक्टूबर को पंजाब से मैच होगा। छत्तीसगढ़ की टीम में डीएफए बीजापुर की दो खिलाड़ियों ईशा कुड़ियम एवं जानवी साहू का भी चयन हुआ है। हर्ष की बात है कि छत्तीसगढ़ फुटबॉल टीम की हेड कोच की जिम्मेदारी बीजापुर फुटबॉल अकादमी की कोच ज्योति यादव को दी गई है।

### समर्पित सेवा संस्था ने चलाया स्वच्छता अभियान



**सुकमा।** महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर समर्पित सेवा संस्था सुकमा ने स्वच्छता अभियान चलाया। जिसमें सैकड़ों नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। अभियान की शुरुआत संस्था के पदाधिकारियों और स्थानीय लोगों की उपस्थिति में हुई, जिन्होंने गांधीजी के सिद्धांतों पर चलते हुए स्वच्छता और साफ-सफाई के महत्व पर प्रकाश डाला। बच्चों और युवाओं ने भी बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया और गांधीजी के स्वच्छ भारत के सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्धता दिखाई। संस्था के अध्यक्ष ने कहा महात्मा गांधी स्वच्छता को स्वतंत्रता से जोड़कर देखते थे, और आज हमें उनकी इसी सोच को अपने जीवन में उतारना है। इस स्वच्छता अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना और अपने आस-पास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने के महत्व को समझाना था।

### भाषण, चित्रकला, रंगोली, प्रतियोगिता का आयोजन



**गीदम।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी व पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की जयंती पर सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्यमिक विद्यालय गीदम के आचार्य व दीदियों के द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। देश के महान सपूतों को श्रद्धा सुमन अर्पित किया। देश के दोनों महान सपूतों के छाया चित्र पर दीप प्रज्वलन व माल्यार्पण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। बच्चों के लिए भाषण, चित्रकला व रंगोली प्रतियोगिता आयोजित की गई।

### डॉक्टर नदारद, मैदानी कर्मचारियों का रवैया गैरजिम्मेदाराना

# पुसगुड़ी में लड़खड़ाई स्वास्थ्य व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में सरकार स्वास्थ्य सुविधा सुधारने का भले ही कितना ही दावा करें, लेकिन स्वास्थ्य महकमें के मैदानी ईलाकों में पदस्थ अधिकारी-कर्मचारियों की लापरवाही के कारण जनता को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसा ही मामला आदिवासी बाहुल्य बस्तर के बीजापुर जिले के पुसगुड़ी में सामने आया है। जिसमें स्वास्थ्य सुविधा लड़खड़ाई हुई है, क्योंकि डॉक्टर नदारद रहते हैं और मैदानी कर्मचारियों का रवैया भी गैरजिम्मेदाराना है।

बीजापुर जिले के आवापल्ली ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुसगुड़ी में पदस्थ आरएमए गिरधर लाल देशलहरे जो कि हमेशा नदारद रहते है। जानकारी मिली है कि 3 सितंबर से 17 सितंबर तक नदारद रहने के बाद वह आये तथा 3 से 8 सितंबर तक की दैनिक उपस्थिति पंजी में हस्ताक्षर किये। इसी प्रकार 14 से 17 सितंबर तक हस्ताक्षर किये तथा 9,10,11,12,13 तक सीएल-सीएल लिख दिया है। क्या वह उच्च अधिकारियों से अवकाश स्वीकृत करवाएं या फिर सिविल सेवा आचरण संहिता का उल्लंघन किये, इसे लेकर तरह-तरह की बातें हो रही है। आरएमए के नियम विरुद्ध कार्य करने से उसके मातहत भी उसी राह पर चल रहें हैं। जिसके कारण स्वास्थ्य व्यवस्था क्षेत्र में लड़खड़ा गई है। यह जानकारी सामने आई है कि स्थानीय अधिकारियों के निरीक्षण नहीं करने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पुसगुड़ी को छोड़कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र आवापल्ली में रहते है। जब कभी कभार वहां पहुंचते है तो वह मरीजों से दुर्व्यवहार भी करते है। सबसे बड़ी बात यह है कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय स्वास्थ्य व्यवस्था को सुधारने नये-नये चिकित्सकों की पदस्थापना करने विज्ञापन जारी कर रहें हैं। लेकिन जो ग्रामीण स्तर पर चिकित्सकों की पदस्थापना की गई है, उनकी मानिटररिंग नहीं होने से स्वास्थ्य व्यवस्था लड़खड़ा रही है।




#### ऐसी कोई जानकारी नहीं

वहीं इस पूरे मामले में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर उसूर उमेश ठाकुर ने बताया कि उपस्थिति पंजी मेरे चैम्बर में ही रहती है। ऐसी कोई जानकारी मुझे नहीं है। बीएमओ के बयान से स्पष्ट है कि डॉक्टर को बचाने का प्रयास कर रहे हैं सवाल उठता है आखिर क्यों। डॉक्टर गिरधर देशलहरे को लेकर स्टाफ में भी तरह तरह की अफवाहें हैं।

### नगर पंचायत में सफाई मित्र सम्मान समारोह



**गीदम।** महात्मा गांधी जयंती पर स्वच्छ भारत दिवस मनाया गया एवं शहर में चल रहे स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम का समापन किया गया। जिसके तहत सुबह 8 बजे मुक्ति धाम में श्रमदान किया गया। उसके बाद वार्ड नंबर 3 सांस्कृतिक भवन में सुबह 11 बजे स्वच्छता दीदियां, सफाई कर्मचारियों को पीपीई, टिफिन डब्बा प्रशस्ति पत्र वितरित कर एवं स्वच्छ इंटर स्कूल प्रतियोगिता में भाग लिए हुए छात्रों को प्रशस्ति पत्र, टिफिन डब्बा, ट्राफी वितरित करके सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व अभिषेक तिवारी के निर्देशानुसार तहसीलदार किसान मिश्रा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी आईएल पटेल एवं उपस्थित समस्त जनप्रतिनिधिगण समेत अन्य जन मौजूद रहे।

### पक्षी विशेषज्ञ सूरज हुए सम्मानित



**जगदलपुर।** मुख्यमंत्री ने अपने बीजापुर प्रवास के दौरान शुक्रवार को इंद्रावती टायगर रिजर्व बीजापुर में पदस्थ पक्षी विशेषज्ञ सूरज नायर को सम्मानित किया। इस दौरान रिजर्व के सीसीएफ आरसी दुग्गा, उप निदेशक सुदीप बलगा आदि शामिल रहे।

### जय माता दी...



**मद्देड़।** मद्देड़ यापापारा में विराजी मां शेरा वाली।

## स्पर्धा में शामिल होने 14 बच्चे रायपुर रवाना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोंड

राजधानी रायपुर में 6 से 9 अक्टूबर तक आयोजित 24वीं राज्य स्तरीय क्रीड़ा प्रतियोगिता में शामिल होने 14 खिलाड़ी गत दिवस रवाना हुए। बस्तर विकास खण्ड के माध्यमिक शाला कुड़कानार के 11 बालक योगेन्द्र कश्यप, पवन ठाकुर, पवन कश्यप, वीर सिंह, अनिल बघेल, समीर कश्यप, आशीष कश्यप, सुभांशु कश्यप, साहिल नाग, प्रकाश नाग, अंशु नाग एवं 3 बालिका हिमांशी ठाकुर, रानु नाग एवं नव्या नाग का चयन हुआ है। इन्हें शाला के हॉकी कोच नीरज कुमार कुंजाम ने हॉकी खेल प्रतियोगिता के लिए तैयार किया है। इन बच्चों के चयनित होने पर बीईओ लोकनाथ नाग, बीआरसी राजेन्द्र सिंह ठाकुर, संकुल प्राचार्य सईदा खान समेत अन्य ने बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

## वेस्ट से बेस्ट आर्ट सेल्फी जोन बना आकर्षण का केंद्र




**बीजापुर।** स्वच्छता ही सेवा अभियान अंतर्गत इस बार का थीम अनुसार वेस्ट से बेस्ट का भी आयोजन किया गया। कलेक्टर संबित मिश्रा ने बताया कि प्लास्टिक हमारे पर्यावरण के लिए बहुत ही घातक है, जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में इस बार भारत सरकार से प्राप्त थीम अनुसार क्लीनलेस टारगेट यूनिट (ब्लैक स्पॉट) का चिन्हांकन कर उसकी श्रमदान से सफाई कर उस जगह को संरक्षित किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नंदनवार के मार्गदर्शन में प्लास्टिक के फेंके गए पानी बोतल को एकत्रित कर सेल्फी स्टैंड का निर्माण किया गया।

## उपभोक्ताओं को बेहतर बिजली सेवा देने शहर में स्थापित होगा 2 नए ट्रांसफार्मर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

बस्तर संभागीय मुख्यालय में बार-बार बिजली बंद होने की समस्या से उपभोक्ता परेशान है, जिससे जगदलपुर एवं धरमपुरा जोन के नए कार्यपालन अभियंता ने शहर में उपकेन्द्र, फीडर एवं लाईनों का मरम्मत 15 कर्मचारियों के साथ कराया। मेंटनेंस के बाद से कुछ हद तक बिजली बंद होना कम हुआ, फिर भी नए डीई ने शहर में 2 नए ट्रांसफार्मर स्थापित करने तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि शासन एवं विद्युत कंपनी की सोच की उपभोक्ताओं बेहतर बिजली सेवा दें, इसीलिए जगदलपुर एवं धरमपुरा जोन में ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। इससे उपभोक्ताओं को बार-बार बिजली बंद होना की समस्या का निराकरण हो सकेगा।



#### स्वीकृति का इंतजार



*विद्युत कंपनी जगदलपुर संभाग (शहरीय) के कार्यपालन अभियंता एचके ध्रुव ने बताया कि उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए शहर में 2 नए ट्रांसफार्मर लगाने की तैयारी की जा रही है। इसकी स्वीकृति मिलते ही स्थापित किया जाएगा।*

## आग लगने व उससे बचने के सरल उपाय सुझाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

नगर के मेन रोड में मेन रोड मुख्यमार्ग व्यापारी कल्याण समिति द्वारा पुलिस और अग्निशमन विभाग के सहयोग से आग लगने पर बुझाने का डेमो अग्निशमन और एसडीआरएफ विभाग के जवानों द्वारा दिया गया।

इस दौरान बताया गया कि जरा सी सावधानी बरतने से ऐसी घटनाओं को न सिर्फ टाला जा सकता है बल्कि आग से बचाव की जानकारी हो तो आग से होने वाले जान माल के नुकसान को भी कम किया जा सकता है। डेमोस्ट्रेशन में आग लगने और उसने बचने के सरल उपाय सुझाए। व्यापारी कल्याण संघ के 150 दुकानदारों ने अपने दुकानों में अग्निशमन यंत्र लगाने की तैयारी की। कार्यक्रम के दौरान महापौर श्रीमती सफीरा साहू, पार्षद इमरान खान, पुलिस कप्तान शलभ सिन्हा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महेश्वर नाग, कमांडेंट एसके मार्बल, दिनेश सराफ, बाल हरी अग्रवाल, मदन कोटवानी, कमल चांडक, गौतम लुंकड़, अनिल लुंकड़, प्रवीण बाफना, रविंद्र हेमनानी, विजय दुग्गड़, देवांश नंदनवार, देवांश बजाज, नवीन मूलचंदानी एवं अन्य सदस्य शामिल रहे। नगर के मेन रोड में आयोजित इस कार्यक्रम के दौरान महापौर सफिरा साहू ने कहा कि व्यापारी अपने दुकानों में लाखों रुपए के सामान रखते है। अपने समानों की सुरक्षा के लिए सतर्कता जरूरी है। उन्होंने कहा कि हमारे नगर के व्यापारी काफी सतर्क और जागरूक है। एसपी शलभ सिन्हा ने कहा कि सुरक्षा मापदंडो का पालन करना जरूरी है। शासन के दिशा निर्देश और मापदंडो का पालन करके किसी भी दुर्घटना से बचा जा सकता है।



#### आग 4 प्रकार के

इस अवसर पर सेनानी श्री मारबल ने बताया कि आग 4 प्रकार के होते हैं। कपड़े, सामान, तेल और मेटल किस प्रकार की आग लगी है, इसका सही कारण पता लगने पर आग बुझाने में काफी सहूलियत होगी। इस दौरान आग बुझाने का डेमो भी दिया गया।

## 19 वर्ष नक्सली रहने के बाद अब पुलिस नौकरी में है मंगल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने बीजापुर प्रवास के दौरान हैलिपेड स्थित विश्रामगृह में आत्मसमर्पित नक्सली एवं नक्सली हिंसा से पीड़ित युवा जो पुलिस विभाग में भर्ती होकर माओवादियों के खिलाफ लड़ाई लड़ रहे हैं उनसे

■ शासन की पुनर्वास नीति से बने पुलिस कर्मियों ने बताया अपना अनुभव

संवाद किया। इस दौरान नक्सली पीड़ित नव आरक्षक सुमित्रा ने बताया कि उनके पिता का नक्सलियों ने 2013 में हत्या कर दिया था और छत्तीसगढ़ शासन के पुनर्वास नीति के तहत 2023 में आरक्षक के पद पर नियुक्त हुए है। शासन के पुनर्वास नीति नक्सल पीड़ित परिवार के वरदान साबित हो रही है। वहीं चेरकंटी निवासी मंगल मोड़ियम पूर्व में 19 वर्षों तक नक्सल संगठन में शामिल था माओवादियों के खोखली विचारधारा को छोड़कर आत्मसमर्पण किया जिन्हें पुलिस विभाग में नियुक्ति मिली। मंगल मोड़ियम ने बताया कि बस्तर, बीजापुर में शांति स्थापित होना जरूरी है। भोले-भाले आदिवासियों का नक्सलियों द्वारा जल, जंगल, जमीन के नाम पर गुमराह किया जाता है। मुख्यमंत्री ने सभी को नवरात्र की शुभकामनाएं दी और नक्सल संगठन को छोड़कर पुनर्वास नीति से लाभान्वित होने पर खुशी जाहिर की और कहा कि बस्तर अब शांति की ओर अग्रसर है। नक्सलियों के हिंसा के शिकार 55 से ज्यादा लोगों ने दिल्ली जाकर महामहिम राष्ट्रपति एवं गृहमंत्री से मिले और नक्सलवाद के खिलाफ अपना आवाज बुलंद किए।

इन पीड़ितों के किसी के हाथ नहीं थे किसी ने अपना पैरा गवांया किसी ने अपना आंख गवाया उनके बातों को सुनकर बहुत ही दुख लगा कि निर्दोष लोगों को किस तरह नक्सली मौत के घाट उतार देते हैं। मुख्यमंत्री ने इस दौरान सभी सुरक्षाबलों के साथ फोटो सेशन कराया।



### भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष ने सदस्यता अभियान की तैयारी को लेकर ली बैठक

## कार्यकर्ताओं को अधिक से अधिक सदस्य बनाने मिला लक्ष्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जगदलपुर

भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा सदस्यता अभियान संगठन की बैठक चित्रकोट में हुई। बैठक में मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जनजाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम, सांसद महेश कश्यप व विधायक विनायक गोयल ने अनुसूचित जनजाति के लोगों को अधिक से अधिक भाजपा से जोड़ने के लिए सभी अजजा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को निर्देश दिए। संगठन को मजबूत बनाने के लिए मोर्चा सदस्यों ने सक्रियता के साथ हर बूथ में 200 सदस्यों बनाने जिम्मेदारी ली। बैठक में पूर्व विधायक लच्छूराम कश्यप, बैदूराम कश्यप, जिला पंचायत उपाध्यक्ष मनी राम कश्यप, जिलाध्यक्ष रूपसिंह मंडावी, डॉ देवेन्द्र माहला, नंदलाल मुड़ामी, खुबलाल ध्रुव, वनवासी मौर्य, सोयम मुक्का, हरिशंकर नेताम, गणेश दुग्गा, बाबुल नाग, मंगतू कश्यप, सुखदेव मंडावी, रैतू बघेल, नरसिंह ठाकुर, संजू पोयाम, राम राना, पीसे वट्टी, तुलुराम कश्यप, डॉ बसंत कश्यप, चंद्रभान कश्यप, भरत कश्यप, पिकलू कश्यप, संपत कश्यप, कामदेव बघेल, कमलू करठाम, राजमन कोरार्म, खुलेश्वर कश्यप, दीनदयाल मौर्य, गुनेश्वर कश्यप, मोहन मौर्य व अजजा मोर्चा के पदाधिकारी उपस्थित थे।



## स्वच्छता ही सेवा अभियान, उत्कृष्ट कार्य करने वालों का हुआ सम्मान



**बीजापुर।** गांधी जयंती जिले में स्वच्छ भारत दिवस के रूप में मनाया गया। स्वच्छता ही सेवा अभियान 2024 जिले में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक चलने वाली स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा में मुख्य रूप से जनभागीदारी ने सफाई मित्र, सुरक्षा शिविर एवं ब्लैक स्पॉट का चिन्हांकन कर सफाई गतिविधि प्रमुख रही। कार्यक्रम के दौरान जिले में विभिन्न गतिविधि कराई गई, जिसमें समस्त विभागों की सहभागिता रही। स्वच्छता सप्ताह के दौरान छात्राओं में स्वच्छता के प्रति सोच विकसित करने के उद्देश्य से कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार जिले के स्कूल, आंगनबाड़ी, आश्रम, शाला, पोटाकेबिन में स्वच्छता प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छत्राओं को 2 अक्टूबर गांधी जयंती पर जिला स्तरीय सम्मान समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत हेमंत रमेश नन्दनवार के मार्गदर्शन में जिले के ग्राम पंचायतों में कार्य करने वाले स्वच्छाग्रही दीदी, स्वच्छता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले सरपंच, सचिवों एवं स्वयं सेवकों का सम्मान किया गया।

## पेंटर संघ का हुआ संभाग स्तरीय मिलन समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गीदम

छग मूर्तिकार पेंटर संघ दंतेवाड़ा के तत्वाधान में गीदम के सांस्कृतिक भवन में छग मूर्तिकार पेंटर संघ का संभाग स्तरीय सम्मेलन गत दिवस आयोजित हुआ। जिसमें जिला नारायणपुर, कोंडागांव, कांकेर, बस्तर, सुकमा, दंतेवाड़ा व बीजापुर के सभी कलाकार उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में क्षेत्रीय विधायक चैतराम अटामी उपस्थित रहे। इस आयोजन का मकसद बस्तर संभाग के कलाकारों से मेल मिलाप और आपसी पहचान बनाने के अलावा शासकीय कार्य जैसे पेंटिंग, पुट्टी, पुताई एवं मूर्तिकला का कार्य स्थानीय कलाकारों को देने व इन कार्यों को ठेकेदारों से पृथक रखने के मुद्दे पर चर्चा हुई। छत्तीसगढ़ मूर्तिकार पेंटर संघ ने मांग की, कि यह सभी कार्य जिलावार स्थानीय कलाकारों को मिले, जिससे शिक्षित, बेरोजगार स्थानीय कलाकारों को इसका लाभ मिले और उन्हें काम मिले। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि से सभी कलाकारों ने मांग की, कि स्थानीय कलाकारों को शासन की योजनाओं के कार्य मिले। जिस पर मुख्य अतिथि ने सभी का कलाकारों को उनकी समस्या का निराकरण करने का आश्वासन दिया। इस कार्यक्रम के सफल आयोजन में संभागीय अध्यक्ष प्रहलाद राजपूत, दंतेवाड़ा जिला संरक्षक रघु कौशल, अध्यक्ष राजेश कुमार सोना, उपाध्यक्ष सुरेश नायक, सचिव जयप्रसाद नाग, कोषाध्यक्ष संतोष कुमार, मोहन विश्वकर्मा, मीडिया संयोजक सुकमन सिंह करताम समेत अन्य सदस्यों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।






**न्यायालय तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावण्ड जिला बस्तर छ.ग.**

रा.प्र.क्र. 302/ब-121/2023-24

**// उद्घोषणा //**

इस उद्घोषणा के जरिये आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रैनुराम बघेल पिता स्व. बुधुराम बघेल जाति भतरा ग्राम मैलबेड़ा तहसील करपावंड जिला बस्तर द्वारा आवेदक स्वयं अथवा अपने पिता स्व. बुधुराम बघेल S/O स्व. भदरू बघेल निवासी ग्राम मैलबेड़ा तहसील करपावंड जिला बस्तर छ.ग. का मृत्यु प्रमाण पत्र प्राप्ति हेतु आवेदन पेश किया गया है।

अतः आवेदक के पिता स्व. बुधुराम बघेल S/O स्व. भदरू बघेल ग्राम मैलबेड़ा का दिनांक 12/12/2014 को मृत्यु हुई है। आवेदक रैनुराम बघेल पिता स्व. बुधुराम बघेल जाति भतरा ग्राम मैलबेड़ा तहसील करपावंड जिला बस्तर आवेदक स्वयं अथवा आवेदक के पिता स्व. बुधुराम बघेल मृत्यु प्रमाण पत्र जारी किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार की आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो तो वह स्वयं अथवा अपने अधिकृत अधिवक्ता के मार्फत प्रकरण में नियत पेशी दिनांक 09/10/2024 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत पेशी तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं होगी।

आज दिनांक 25/09/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर

तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी करपावंड जिला बस्तर

